पत्रांक 1/441/नीलामी पार्किंग/अन्तीचक/14–15–एम0 - 25
भारत सरकार
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण
पटना मंडल, जे0 सी0 रोड

06 APR 2026
पटना, दिनांक

निविदा–सह–नीलामी सूचना

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा उप अंचल, अन्तीचक, भागलपुर के अन्तर्गत केन्द्रीय संरक्षित स्मारक उत्खनित स्थल विक्रमशिला, अन्तीचक, भागलपुर के सामने साईकिल, मोटर साईकिल, गाड़ी एवं अन्य वाहनों की पार्किंग हेतु उक्त स्मारक क्षेत्र में बनें पार्किंग स्थल **(क्षेत्रफल 2080 वर्ग मीटर)** की नीलामी हेतु **दिनांक 21.04.2026 से दिनांक 20.04.2027** तक **(एक साल)** के लिए मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। पार्किंग स्थल पर वाहन पार्किंग की दर प्रत्येक वाहन प्रति दिवस हेतु निम्नलिखित है:–

1. साईकिल प्रथम तीन घंटा के लिए– रू0 5 /– तत्पश्चात् रु 5/– प्रति घंटा
2. दोपहिया वाहन प्रथम तीन घंटा के लिए– रू0 10/– तत्पश्चात् रु 10/– प्रति घंटा
3. ऑटो रिक्शा/जीप/कार प्रथम तीन घंटा के लिए– रू0 25/– तत्पश्चात् रु 25/– प्रति घंटा
4. बस प्रथम तीन घंटा के लिए– रू0 50/– तत्पश्चात् रु 50/– प्रति घंटा

नोट :– निविदा सह निलामी पार्किंग स्थल विकमशिला, अन्तीचक, भागलपुर का एक वर्ष यानि दिनांक 21.04.2026 से दिनांक 20.04.2027 तक के लिए आधार मूल्य (Base Price) रू. 2,55,000/– (दो लाख पचपन हजार रूपये मात्र)

इच्छुक व्यक्ति इस बावत् निविदा प्रपत्र नियम व शर्त सहित **रूपये 500/– मात्र** का भुगतान कर (जो लौटायी नहीं जाएगी) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, उप मंडल कार्यालय, अन्तीचक, भागलपुर से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **09.04.2026 से 15.04.2026** तक प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा इस कार्यालय के वेबसाइट **www.asipatnacircle.gov.in** द्वारा भी निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। वेबसाइट से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की स्थिति में **रूपये 500/– मात्र** का डिमान्ड ड्राफ्ट (निविदा राशि) अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना, जिसका भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। सभी निविदा प्रपत्र दिनांक **16.04.2026 को 12:30 बजे अपराह्न** तक अधीक्षण पुरातत्वविद् का कार्यालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना में अच्छी तरह भरकर जमा करना होगा। उसी दिन **01:00 बजे अपराह्न** में उक्त कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं व बोली लगाने वालों के समक्ष निविदा प्रपत्र खोली जाएगी और बोली लगायी जाएगी।

प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ **10,000/– (रूपये दस हजार रूपये) मात्र** का डिमान्ड ड्राफ्ट (अर्नेस्ट मनी के रूप में) अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना, जिसका भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। बिना अर्नेस्ट मनी के निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा–सह–नीलामी में उच्चतम राशि बोलने वाले सफल व्यक्ति को बोली जाने वाली राशि का कम से कम **50 प्रतिशत तत्काल तथा 50 प्रतिशत दो दिन के अन्दर राशि** जमा करना होगा। समयावधि में भुगतान जमा नहीं करने पर उनकी निविदा रद्द कर दी जाएगी एवं अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जाएगी। निविदा प्रपत्र के साथ 10,000/– रूपये (दस हजार रूपय) मात्र, जो अर्नेस्ट मनी की राशि है, सफल निविदा प्राप्त कर्ता को निविदा की अवधि **30.04.2027** के बाद उप मंडल प्रभारी द्वारा निर्गत **No Damage Certificate** प्राप्त होने के उपरान्त लौटायी जाएगी। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.asipatnacircle.gov.in** पर प्राप्त कर सकते हैं।

अधीक्षण पुरातत्वविद् .को किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है।

6.4.2026
अधीक्षण पुरातत्वविद्